C. S. (Main) Exam : 2012

F-DTN-M-HTA

# GENERAL STUDIES

## Paper I

*Time Allowed : Three Hours* | *Maximum Marks : 300*

## INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt* ***all*** *questions strictly in accordance with the instructions given under each question.*

*The number of marks carried by each question is indicated at the end of the question.*

***IMPORTANT : Whenever a question is being attempted, all its parts/sub-parts must be attempted contiguously. This means that before moving on to the next question to be attempted, candidates must finish attempting all parts/sub-parts of the previous question attempted. This is to be strictly followed.***

***Pages left blank in the answer-book are to be clearly struck out in ink. Any answers that follow pages left blank may not be given credit.***

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

1. Answer any ***five*** of the following in about 250 words each : *25×5=125*

(a) What do you understand by the term "Innovation" ? Discuss the need for launching a national innovation policy in India.

(b) Keeping in view the informal sector's share in the total workforce of the country, critically examine the relevant inclusive measures initiated by the Government of India and their effectiveness.

(c) Examine the causes and the extent of 'desertification' in India and suggest remedial measures.

(d) In the context of the growing demands for the ban of Endosulfan in the country, critically examine the issues involved. What, in your view, should be done in the matter ?

(e) "The Indian independence movement was a mass-based movement that encompassed various sections of society. It also underwent the process of constant ideological evolution." Critically examine.

(f) The issue of tourism in core areas of tiger reserve forests in the country is a subject matter of debate. Critically examine various aspects of this issue, keeping in view relevant recent judicial pronouncements.

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***पाँच*** के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में हो : *25×5=125*

(क) आप शब्द "नवाचार" से क्या समझते हैं ? भारत में एक राष्ट्रीय नवाचार नीति का प्रवर्तन करने की आवश्यकता पर चर्चा कीजिए ।

(ख) देश के कुल श्रमबल में अनौपचारिक क्षेत्रक के अंश को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए प्रासंगिक समावेशी उपायों और उनकी प्रभाविता का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

(ग) भारत में 'मरुस्थलीकरण' के कारणों और उसके विस्तार का परीक्षण कीजिए और उपचारी उपाय भी सुझाइए ।

(घ) देश में ऐंडोसल्फान पर प्रतिबंध लगाने की बढ़ती हुई माँगों के संदर्भ में, शामिल मुद्दों का समालोचनापूर्वक परीक्षण कीजिए । आपके विचार में, इस मामले में क्या किया जाना चाहिए ?

(ङ) "भारत का स्वतंत्रता आंदोलन, एक जन-आधारित आंदोलन था, जिसमें समाज के विभिन्न वर्ग सम्मिलित थे । इसमें निरंतर वैचारिक विकास का प्रक्रम भी चला था ।" समालोचनापूर्वक परीक्षण कीजिए ।

(च) देश में बाघ आरक्षित वनों के आंतरिक क्षेत्रों में पर्यटन का मुद्दा वाद-विवाद का विषय है । हाल के प्रासंगिक न्यायिक निर्णयों को ध्यान में रखते हुए, इस मुद्दे के विभिन्न पक्षों का समालोचनापूर्वक परीक्षण कीजिए ।

2. Answer any ***seven*** of the following in about 150 words each : *15×7=105*

(a) "There is an urgent need for the Planning Commission to revise the chapter on health in the $12^{th}$ Plan document." Comment.

(b) The Union Cabinet recently cleared the proposal to rename and amend the Child Labour (Prohibition and Regulation) Act, 1986. What are the salient features of the proposed amendments ?

(c) "Domestic resource mobilization, though central to the process of Indian economic growth, is characterized by several constraints." Explain.

(d) The 'flute-playing Krishna' theme is very popular in Indian art. Discuss.

(e) What are the salient features of the Consumer Protection (Amendment) Bill, 2011 introduced in the Lok Sabha in December 2011 ?

(f) What do you understand by the term "Multi-Drug Resistant Tuberculosis" (MDR-TB) ? What measures would you advocate for its containment and what are the implications of its spread in the community ?

(g) Given the accelerated pace of development and demand for energy, would you consider renewable energy as a viable option for India's future ?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***सात*** के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में हो : *15×7=105*

(क) ''योजना आयोग के लिए, 12वीं योजना प्रलेख में स्वास्थ्य पर अध्याय का परिशोधन करने की तुरन्त आवश्यकता है ।'' टिप्पणी कीजिए ।

(ख) हाल में, संघ मंत्रिमंडल ने बालक श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 का नाम-परिवर्तन करने और संशोधन करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी । प्रस्तावित संशोधनों के प्रमुख अभिलक्षण क्या हैं ?

(ग) ''घरेलू संसाधनों का जुटाव, यद्यपि भारत की आर्थिक संवृद्धि के प्रक्रम के लिए केंद्रीय है, तथापि अनेक बाध्यताएँ उसका स्वलक्षण है ।'' स्पष्ट कीजिए ।

(घ) भारतीय कला में 'बाँसुरी-वादक कृष्ण' विषय अत्यंत लोकप्रिय है । चर्चा कीजिए ।

(ङ) दिसम्बर 2011 में लोक सभा में पेश किए गए उपभोक्ता संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2011 के प्रमुख अभिलक्षण क्या हैं ?

(च) आप शब्द ''बहु-औषध प्रतिरोधी यक्ष्मा'' (एम.डी.आर.-टी.बी.) से क्या समझते हैं ? उसके परिरोधन के लिए, आप किन उपायों की पैरवी करेंगे और समुदाय में उसके फैलाव हो जाने के क्या निहितार्थ हैं ?

(छ) विकास की त्वरित गति एवं ऊर्जा की माँग की स्थिति में, क्या आप भारत के भविष्य के लिए एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में नवीकरणीय ऊर्जा (रिन्यूएबल ऐनर्जी) पर विचार करेंगे ?

(h) Many food items contain "trans fats". What do you understand by this term ? Which Indian food items contain trans fats ? What are the implications of trans fats on human health ?

**3.** Answer the following in about 50 words each : *5×11=55*

(a) What is the 'Parivarik Mahila Lok Adalat' ?

(b) List the main objectives of the National Manufacturing Policy (NMP), 2011.

(c) Comment on the significance of *Rasarnava* in studying the history of Indian Chemistry.

(d) What are the Rights within the ambit of Article 21 of the Indian Constitution ?

(e) Comment on the significance of the Preamble contained in the Right to Information Act.

(f) To implement one key recommendation of the Mohini Giri Committee, the Government has recently announced the constitution of a National Council. Highlight the composition and the mandate of this National Council.

(g) Comment on the recent launching of the National Mission on Libraries (NML).

(h) What are the groups into which musical instruments in India have traditionally been classified ?

(ज) अनेक खाद्य वस्तुओं में 'विपक्ष-वसाएँ' (ट्रांस-फैट्स) होती हैं । आप इस शब्द से क्या समझते हैं ? कौन से भारतीय खाद्य पदार्थों में 'विपक्ष वसाएँ' होती हैं ? मानव स्वास्थ्य पर विपक्ष वसाओं के क्या निहितार्थ हैं ?

**3.** निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक लगभग 50 शब्दों में हो : *5×11=55*

(क) 'पारिवारिक महिला लोक अदालत' क्या है ?

(ख) राष्ट्रीय विनिर्माण नीति (एन.एम.पी.), 2011 के मुख्य उद्देश्यों की सूची तैयार कीजिए ।

(ग) भारतीय रसायन के इतिहास के अध्ययन में *'रसर्नव'* के महत्त्व पर टिप्पणी कीजिए ।

(घ) भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 की परिधि में कौन-कौन से अधिकार शामिल हैं ?

(ङ) सूचना का अधिकार अधिनियम में शामिल उद्देशिका के महत्त्व पर टिप्पणी कीजिए ।

(च) मोहिनी गिरि समिति की एक कुंजी सिफारिश के कार्यान्वयन के लिए, सरकार ने हाल में एक राष्ट्रीय परिषद् के गठन की घोषणा की है । इस राष्ट्रीय परिषद् के संघटन एवं अधिदेश पर प्रकाश डालिए ।

(छ) पुस्तकालयों पर राष्ट्रीय मिशन (एन.एम.एल.) के हाल के आरंभन पर टिप्पणी कीजिए ।

(ज) भारत में वाद्य यंत्रों को पारंपरिक रूप से किन समूहों में वर्गीकृत किया जाता रहा है ?

(i) Comment on the significance of fire in Zoroastrianism.

(j) Why is Laurie Baker called 'the conscience keeper of Indian architecture' ?

(k) You are stationed in a small district town in the plains of Northern India. The summer has been severe. Suddenly, a colleague, who had been out since morning, returns to the office complaining of headache, restlessness and confusion. Shortly, he becomes unconscious. His body temperature is 40°C. What first aid steps would you take to revive him ?

**4.** Comment on each of the following in about 20 words each : *2×5=10*

(a) The significance of Patharughat in the Indian freedom struggle

(b) Bagurumba folk dance

(c) Determining the 'value' assigned to the vote of a Member of a State Legislative Assembly and of a Member of Parliament in the Indian Presidential elections

(d) Significance of the SPOT-6 rocket launch for ISRO

(e) Issues highlighted through the work of Palagummi Sainath

(झ) पारसी-धर्म में अग्नि के महत्त्व पर टिप्पणी कीजिए ।

(ण) क्या कारण है कि लौरी बेकर को 'भारतीय वास्तुकला की अंतश्चेतना का रक्षक' कहा जाता है ?

(ट) आप उत्तरी भारत के मैदानी इलाके में एक छोटे जिला नगर में तैनात हैं । गरमी कड़ी रही है । अचानक, एक सहकर्मी, जो सुबह बाहर निकला था, सरदर्द, बेचैनी और संभ्रांति की शिकायत करते हुए, कार्यालय में लौटता है । थोड़े समय बाद वह बेहोश हो जाता है । उसका शरीर-ताप 40° सें. है । उसको होश में लाने के लिए आप क्या प्रथमोपचारी कदम उठाएँगे ?

**4.** निम्नलिखित में से प्रत्येक पर लगभग 20 शब्दों में टिप्पणी कीजिए : *2×5=10*

(क) भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष में पथरुघाट का महत्त्व

(ख) बगुरुंबा लोक नृत्य

(ग) भारतीय राष्ट्रपति चुनावों में राज्य विधान सभा के सदस्य और संसद के सदस्य के वोट पर नियत 'मूल्य' का निर्धारण करना

(घ) 'इसरो' के लिए स्पॉट-6 रॉकेट प्रक्षेपण का महत्त्व

(ङ) पालगुमी साइनाथ के कार्य के माध्यम से उजागर हुए मुद्दे

**5.** Why have the following been in the news recently ?
(Answer to be in one sentence only) *1×5=5*

(a) P.V. Sindhu

(b) Aditya Kumar Mandi

(c) Cyrus Mistry

(d) Ashoke Sen

(e) Mario de Miranda

5. निम्नलिखित हाल में ख़बरों में क्यों रहे हैं ? (उत्तर केवल एक वाक्य में) *1×5=5*

(क) पी.वी. सिंधु

(ख) आदित्य कुमार मंडी

(ग) साइरस मिस्त्री

(घ) अशोक सेन

(ङ) मारियो डि मिरांडा

**F-DTN-M-HTA**

# सामान्य अध्ययन

## प्रश्न-पत्र I

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 300

---

### अनुदेश

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपा है ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*उम्मीदवारों को **सभी** प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए गए अनुदेशों के अनुसार ही करने चाहिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अंत में दिए गए हैं ।*

***महत्त्वपूर्ण : यह आवश्यक है कि जब भी किसी प्रश्न का उत्तर दे रहे हों, तब उस प्रश्न के सभी भागों/उप-भागों के उत्तर साथ-साथ दें । इसका अर्थ यह है कि अगले प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए आगे बढ़ने से पूर्व पिछले प्रश्न के सभी भागों/उप-भागों के उत्तर समाप्त हो जाएँ । इस बात का कड़ाई से अनुसरण कीजिए ।***

***उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़े हुए पृष्ठों को स्याही में स्पष्ट रूप से काट दें । खाली छूटे हुए पृष्ठों के बाद लिखे हुए उत्तरों के अंक न दिए जाएँ, ऐसा हो सकता है ।***

---

**Note :** *English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*